# CET EXAM 2023

## स्नातक स्तर ... मॉडल पेपर

## प्रैक्टिस सेट- 7

व्याख्या सहित - PDF डाउनलोड

WWW.RAJASTHANCLASSES.IN


सामान्य विज्ञान वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Click Here

भारत GK

◆ प्रश्नोत्तरी ◆ नोट्स

सम्पूर्ण PDF

Click Here डाउनलोड


राजस्थान सामान्य ज्ञान
वन लाइनर प्रश्न-उत्तर
500+ क्लिक करें एवं पढ़ें

राजस्थान सामान्य ज्ञान
लाइव क्लास की सभी पीडीएफ
फ्री डाउनलोड करें
क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें

SSC GD
All Old Paper PDF
Solved Paper
PDF DOWNLOAD

1. **ऋग्वेद के किस मण्डल में गायत्री मंत्र का उल्लेख है?**
(A) प्रथम (B) द्वितीय
(C) तृतीय (D) चतुर्थ

2. **निम्न में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

| **अभिलेख** | **शासक** |
|---|---|
| (A) ऐहोल अभिलेख | पुलकेशिन II |
| (B) प्रयाग स्तम्भ अभिलेख | समुद्रगुप्त |
| (C) हाथीगुम्फा अभिलेख | खारवेल |
| (D) ग्वालियर अभिलेख | मातवा नरेश यशोवर्मन |

3. **सैंधव सभ्यता का प्रमुख स्थल आलमगीरपुर कहाँ स्थित है?**
(A) मध्यप्रदेश (B) उत्तरप्रदेश
(C) गुजरात (D) हरियाणा

4. **निम्न में से किस महाजनपद की राजधानी श्रावस्ती थी?**
(A) कौशल (B) काशी
(C) अश्मक (D) पांचाल

5. **निम्न में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित है?**

| **जैन तीर्थंकर** | **प्रतीक चिह्न** |
|---|---|
| (A) महावीर | मीन |
| (B) पार्श्वनाथ | सर्प |
| (C) अरिष्ठनेमी | शंख |
| (D) अजितनाथ | घोड़ा |

6. **गौतम बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश कहाँ दिया था?**
(A) श्रावस्ती (B) वैशाली
(C) कुशीनगर (D) सारनाथ

7. **चतुर्थ बौद्ध संगीति किसके शासनकाल में सम्पन्न हुई?**
(A) कनिष्क (B) अजातशत्रु
(C) कालाशोक (D) अशोक

8. **अशोक के किस शिलालेख में उसकी तीर्थ यात्राओं का उल्लेख है?**
(A) छठा (B) आठवाँ
(C) तेरहवाँ (D) पाँचवां

9. **नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना किस शासक द्वारा की गई थी?**
(A) विष्णुगुप्त (B) स्कन्दगुप्त
(C) कुमारगुप्त (D) समुद्रगुप्त

10. **कुतुबुद्दीन ऐबक का राज्याभिषेक कब हुआ?**
(A) 1208 (B) 1206
(C) 1210 (D) 1204

11. **कृष्णदेवराय के संबंध में सत्य कथनों का चयन कीजिए-**
1. इनके दरबार में अष्ट दिग्गज विद्वान रहते थे।
2. इन्होंने संस्कृत भाषा में अमुक्त माल्याद् की रचना की।
3. ये तुलुव वंश के शासक थे।
(A) 1, 2 (B) 2, 3
(C) 1, 3 (D) 1, 2, 3

12. **अकबर द्वारा किये गये कार्यों के संबंध में असत्य युग्म का चयन कीजिए-**
(A) दास प्रथा का अन्त - 1562

(B) इबादतखाने की स्थापना - 1575
(C) तीर्थयात्रा कर समाप्त - 1573
(D) जजिया कर समाप्त - 1564

**13. अकबर ने किस विजय के उपरान्त बुलन्द दरवाजे का निर्माण करवाया था?**

(A) गुजरात विजय (B) मालवा विजय
(C) काबुल विजय (D) कन्धार विजय

**14. मुगलकाल में जिले का प्रमुख राजस्व अधिकारी क्या कहलाता था?**

(A) बख्शी (B) आमिल
(C) शिकदार (D) फौजदार

**15. सूची-1 व सूची-2 को सुमेलित करें-**

| सूची-1 युद्ध | सूची-2 वर्ष |
|---|---|
| (क) पानीपत की लड़ाई | (1) 1527 ई. |
| (ख) खानवा की लड़ाई | (2) 1526 ई. |
| (ग) चौसा का युद्ध | (3) 1540 ई. |
| (घ) कन्नौज की लड़ाई | (4) 1539 ई. |

| | (क) | (ख) | (ग) | (घ) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (D) | 1 | 3 | 4 | 2 |

**16. कामायचा किस प्रकार का वाद्ययंत्र है?**

(A) सुषिर वाद्य (B) घन वाद्य
(C) ताल वाद्य (D) तत् वाद्य

**17. रावत केसरीसिंह का संबंध किस ठिकाने से था?**

(A) कोठारिया (B) बिजौलिया
(C) सलूम्बर (D) टोंक

**18. निम्न में से सत्य कथन है/हैं-**

1. 1925 में सीकर में अखिल भारतीय जाट सम्मेलन हुआ।
2. 1932 में झुंझुनूं जाट महासभा अधिवेशन हुआ।

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1, 2 दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

**19. बीकानेर राज्य के लिए 'प्रतिनिधि सभा' का गठन किस वर्ष किया गया?**

(A) 1913 (B) 1910
(C) 1921 (D) 1937

**20. 'जाट जाति का प्लेटो' किस शासक को कहा जाता है?**

(A) चूड़ामन जाट (B) महाराजा सूरजमल
(C) बदनसिंह (D) रणजीत सिंह

**21. रामस्नेही संप्रदाय के संदर्भ में सत्य कथन है/हैं-**

1. इसकी चारों शाखाएँ मूलतः रामानंद की शिष्य परंपरा से उत्पन्न हुई हैं।
2. 'फूलडोल' महोत्सव का संबंध इसी सम्प्रदाय से है।

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1, 2 दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

**22. आलमजी का संबंध किस जिले से है?**

(A) नागौर (B) हनुमानगढ़

(C) जोधपुर (D) बाड़मेर

**23. पुरातात्विक स्थल मंडफिया किस जिले में अवस्थित है?**

(A) उदयपुर (B) भीलवाड़ा

(C) बांसवाड़ा (D) चित्तौड़गढ़

**24. जैन शिक्षा प्रचारक समिति की स्थापना किस वर्ष की गई?**

(A) 1925 (B) 1915

(C) 1910 (D) 1905

**25. निम्न में से सत्य कथन है/हैं-**

1. आँवला नवमी, कार्तिक शुक्ल नवमी को मनायी जाती है।
2. आँवला नवमी को 'धात्री नवमी' भी कहते हैं।

(A) केवल 1 (B) केवल 2

(C) 1, 2 दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

**26. मेवाड़ शैली के 'रागमाला' ग्रंथ का चित्रण किसने किया?**

(A) साहिबदीन (B) निसारदीन

(C) मनोहर (D) हरचंद

**27. निम्न में से कौन-सा सुषिर वाद्ययंत्र है?**

(A) नड़ (B) सुरमण्डल

(C) कुंडी (D) गूजरी

**28. रावत जोधसिंह के संदर्भ में सत्य कथन है/हैं-**

1. इन्होंने 1857 की क्रांति में अंग्रेजों की सहायता की।
2. इनका संबंध कोठारिया ठिकाने से था।

(A) केवल 1 (B) केवल 2

(C) 1, 2 दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

**29. 'जाट कृषक सुधारक संघ' किस वर्ष स्थापित हुआ?**

(A) 1941 (B) 1935

(C) 1938 (D) 1942

**30. किस पुरातत्विक स्थल की लगभग अस्सी फीसदी कलाकृतियाँ क्वार्ट्ज से बनी है?**

(A) आहड़ (B) बैराठ

(C) बागोर (D) बालाथल

**31. वस्तु का द्रव्यमान बढ़ा दिया जाये तो वस्तु के जड़त्व पर क्या प्रभाव पड़ेगा?**

(A) घटेगा (B) बढ़ेगा

(C) नियत (D) एक बार बढ़ेगा फिर घटेगा

**32. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

| उपकरण | ऊर्जा रूपान्तरण |
|---|---|
| (a) विद्युत मोटर | (i) सौर ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में |
| (b) सितार | (ii) विद्युत ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में |
| (c) डायनेमो | (iii) यांत्रिक ऊर्जा को ध्वनि ऊर्जा में |
| (d) सोलर सेल | (iv) यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |

**33. बैरोमीटर का पाठ्यांक जब एकाएक नीचे गिरता है तो किसकी संभावना होती है?**

(A) दिन साफ रहने की (B) वर्षा होने की

(C) भूकम्प आने की (D) आँधी आने की

**34. किसके द्वारा वेण्टुरीमीटर से नली में द्रव के प्रवाह की दर ज्ञात की जाती है?**

(A) सीमान्त वेग से (B) केशनली से

(C) बरनौली प्रमेय से (D) श्यानता से

**35. आपेक्षित आर्द्रता को किससे मापा जाता है?**

(A) बैरोमीटर (B) वेण्टुमीटर

(C) आर्द्रतामापी (D) हाइग्रोमीटर

**36. निम्न में से असंगत युग्म छांटिए -**

| सूची-1 | सूची-2 |
|---|---|
| (A) न्यूटन | प्रकाश का कणिका सिद्धान्त |
| (B) हाइगेंज | प्रकाश का क्वांटम सिद्धान्त |
| (C) ग्रेमाल्डी | प्रकाश का विवर्तन सिद्धान्त |
| (D) थॉमस यंग | प्रकाश का व्यतिकरण सिद्धान्त |

**37. किस सेल को रिचार्जेबल सेल भी कहा जाता है?**

(A) द्वितीयक सेल (B) वोल्टीय सेल

(C) विद्युत सेल (D) लेक्लांशे सेल

**38. जेड. जॉनसन ने किस उपकरण का आविष्कार किया था?**

(A) स्पीडोमीटर (B) ओडोमीटर

(C) माइक्रोस्कोप (D) सिस्मोग्राफ

**39. अशुद्धि मिलाने से (जैसे बर्फ में नमक मिलाने पर) गलनांक पर क्या प्रभाव पड़ता है?**

(A) बढ़ता है (B) घटता है

(C) नियत रहता है (D) उक्त में से कोई नहीं

**40. निम्न में से असत्य कथन है/हैं-**

1. पहाड़ी अथवा ऊँचे स्थानों पर वायुमण्डलीय दाब कम होने के कारण जल का क्वथनांक बढ़ जाता है और खाना देर से पकता है।
2. जिन अभिक्रियाओं में ऑक्सीकरण व अपचयन साथ-साथ होता हो उसे रेडॉक्स अभिक्रिया कहते हैं।
3. तेल व वसा का उपचयित होना गंधिता कहलाता है।
4. $Fe_2O_3$ लोहे के ऑक्साइड (जंग) का रासायनिक सूत्र है।

(A) 1, 3 (B) केवल 3

(C) 2, 4 (D) केवल 2

**41. अपमार्जक का जलीय विलयन किस प्रकार का होता है?**

(A) अम्लीय (B) उदासीन

(C) क्षारीय (D) मृदु

**42. 'हीरे का चमकना' प्रकाश की किस घटना से संबंधित है?**

(A) वर्ण विक्षेपण (B) अपवर्तन

(C) प्रकाश का प्रकीर्णन (D) पूर्ण आंतरिक परावर्तन

**43. चाल्कोसाइट सिनेबार अयस्कों का सान्द्रण किस विधि द्वारा किया जाता है?**

(A) विद्युत अपघटन विधि (B) पृथक्करण

(C) झाग प्लवन विधि (D) जान मंडल परिष्करण

**44. 'मोनल मेटल' मिश्रधातु का संघटन बताइए**

(A) $Cu+Ni$ (B) $Cu+Zn$

(C) $Cu+Sn$ (D) $Cu+Zn+Fe$

**45. जीवद्रव्य में अकार्बनिक तथा कार्बनिक यौगिकों का अनुपात कितना होता है?**

(A) 1:1 (B) 75:25

(C) 81:19 (D) 50:50

**46. निम्न में से असत्य कथन चुनिए -**

1. जीवों के जैव विकास के इतिहास को बायोजेनी कहते हैं।
2. संरचनात्मक जीन की क्रियाविधि नियंत्रक जीन से नियंत्रित होती है।
3. उत्परिवर्तन का विस्थल $\chi$ – किरणें हैं।
4. एक क्षारक प्रतिस्थापन करने वाले उत्परिवर्तन $\beta$ – किरणों द्वारा होते हैं।

(A) केवल 4 (B) 3, 4
(C) केवल 2 (D) 1, 3

**47. उपार्जित लक्षणों का अध्ययन क्या कहलाता है?**

(A) टोंटोलॉजी (B) जिरोन्टोलॉजी
(C) जियोलॉजी (D) हाइड्रोपैथी

**48. रेबीज/हाइड्रोफोबिया रोग के टीके का आविष्कार किसने किया?**

(A) अलेक्जेण्डर फ्लेमिंग (B) ग्रेगर जॉन मेण्डल
(C) लुईस पाश्चर (D) ल्यूवेनहॉक

**49. निम्नलिखित कोशिकांगों में से किसमें प्रोटीन कोडॉन वाला इसका अपना आनुवांशिक पदार्थ नहीं पाया जाता है?**

(A) हरितलवक (B) राइबोसोम
(C) सूत्रकणिका (D) केन्द्रक

**50. निम्नलिखित में से कौन-सा एक मानव नर प्रजनन का घटक नहीं है?**

(A) मूत्रमार्ग (B) शुक्राशय
(C) गर्भाशय (सर्विक्स) (D) शुक्रवाहक

**51. निम्न में से राजस्व प्राप्ति का उदाहरण (स्त्रोत) नहीं है-**

(A) अनुदान (B) ब्याज प्राप्ति
(C) ऋण प्राप्ति (D) कर प्राप्ति

**52. जीएसटी की वर्तमान में कौन-सी एक दर (स्लेब) नहीं है?**

(A) 5% (B) 12%
(C) 20% (D) 28%

**53. पूर्ण रूप से भारतीयों द्वारा प्रबंधित बैंक कौन-सा था?**

(A) बैंक ऑफ हिंदुस्तान (B) इलाहाबाद कमर्शियल बैंक
(C) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (D) पंजाब नेशनल बैंक

**54. निम्न में से कौनसा आरबीआई का मौद्रिक नीति का गुणात्मक उपाय है?**

(A) सीआरआर (B) खुले बाजार की क्रियाएं
(C) सीमांत स्थायी सुविधा (D) क्रेडिट की राशनिंग

**55. आर्थिक समीक्षा 2021-22 के अनुसार भारत की प्रचलित कीमत पर प्रति व्यक्ति आय कितनी है?**

(A) 135218 (B) 81231
(C) 150326 (D) 93973

**56. निम्न पर विचार करें-**

1. रिफाइनरी 2. उर्वरक 3. कोयला 4. विद्युत

**कोर सेक्टर में शामिल हैं-**

(A) 1, 2 (B) 1, 2, 3
(C) 2, 3, 4 (D) 1, 2, 3, 4

**57. आर्थिक समीक्षा 2021-22 के निम्न आंकड़ों पर विचार करें-**

1. 2021-22 में कृषि क्षेत्र में 3.9% की वृद्धि दर्ज की गई।
2. देश का कुल खाद्यान्न 308.65 मिलियन टन है।

**असत्य कथन है/हैं-**

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1, 2 दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

58. **भारत में नीली क्रांति का जनक किसे कहा जाता है?**
(A) हीरालाल चौधरी व अरुण कृष्णन
(B) नोरमन बोरलॉग
(C) एस. स्वामीनाथन (D) हरेन्द्र चौधरी

59. **'वन नेशन-वन कार्ड' योजना के संदर्भ में असंगत है-**
(A) 'वन नेशन-वन कार्ड' लागू करने वाला प्रथम राज्य तेलंगाना है।
(B) इसे लागू करने वाला अंतिम राज्य असम है।
(C) यह सम्पूर्ण भारत में 21 जून, 2022 को लागू हुई।
(D) यह 1 अप्रैल, 2010 से प्रारंभ हुई।

60. **असुमेलित युग्म है-**

| **पंचवर्षीय योजना** | **विशेषता** |
|---|---|
| (A) प्रथम | कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता |
| (B) द्वितीय | हेराल्ड डॉमर मॉडल |
| (C) तीसरी | सुखमय चक्रवर्ती मॉडल |
| (D) चतुर्थ | गरीबी हटाओ नारा |

61. **असुमेलित युग्म है-**

| **फसल** | **शीर्ष उत्पादक जिला** |
|---|---|
| (A) बाजरा | अलवर |
| (B) जौ | बांसवाड़ा |
| (C) गेहूं | हनुमानगढ़ |
| (D) कपास | श्रीगंगानगर |

62. **निम्न में से सही सुमेलित नहीं है-**
(A) कुएँ तथा नलकूप से सर्वाधिक सिंचाई - अलवर
(B) नहरों से सर्वाधिक सिंचाई - श्रीगंगानगर
(C) तालाब से सर्वाधिक सिंचाई - पाली
(D) झीलों से सर्वाधिक सिंचाई - उयदपुर

63. **थार मरुस्थल के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार करें-** 1. भारत में थार मरुस्थल 61% भाग पर है।
2. मरुस्थल का विस्तार राजस्थान के 12 जिलों में है।
**सत्य कथन है/हैं-**
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1, 2 दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

64. **बिशनोदा स्टोन पार्क औद्योगिक क्षेत्र किस जिले में है?**
(A) जयपुर (B) जोधपुर
(C) अलवर (D) धौलपुर

65. **सहकारी अधिनियम, 2001 कब लागू हुआ?**
(A) 14 नवंबर, 2001 (B) 14 नवंबर, 2002
(C) 2 अक्टूबर, 2001 (D) 2 अक्टूबर, 2002

66. **निम्न कथनों पर विचार करें-**
1. पंचायतों में स्थानों का आरक्षण अनुच्छेद 243(D) में है।
2. ग्राम सभा के गठन का प्रावधान अनुच्छेद 243(C) में है।
**असत्य कथन है/हैं?**
(A) केवल 2 (B) केवल 1
(C) 1, 2 दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

67. **राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक-2021 के संदर्भ में असंगत कथन है/हैं-**
(A) यह नीति आयोग द्वारा जारी किया जाता है।
(B) इसमें राजस्थान का 7वाँ स्थान है।
(C) राजस्थान में गरीबी 29.46% है।
(D) न्यूनतम गरीबी झुंझुनूं जिले में है।

**68. गार्गी पुरस्कार में कक्षा-10 व कक्षा-12 में उत्तीर्ण बालिका को कितनी राशि क्रमशः प्रदान की जाती है?**

(A) 6000-10000 (B) 5000-6000
(C) 6000-5000 (D) 10000-12000

**69. जनजातीय क्षेत्र विकास उपागम की शुरुआत किस वर्ष की गई?**

(A) 1975-76 (B) 1973-74
(C) 1978-79 (D) 1972-73

**70. राजस्थान बजट 2022-23 के संदर्भ में असंगत युग्म है?**

(A) आयुर्वेद नर्सिंग कॉलेज - भरतपुर
(B) मल्टीपरपज इंडोर स्टेडियम - टोंक
(C) कबड्डी अकादमी - श्रीगंगानगर
(D) 18वीं राष्ट्रीय भारत स्काउट गाइड - रोहट पाली

**71. निम्न में से असत्य कथन है-**

(A) सिक्किम की सीमा 3 देशों से सलंग्न है।
(B) मैकमोहन रेखा भारत-चीन के मध्य है।
(C) पाक जल संधि भारत-पाकिस्तान के मध्य है।
(D) भूटान की सीमा भारत के 4 राज्यों से सलंग्न है।

**72. नेपाल हिमालय का विस्तार है-**

(A) सिंधु-सतलज नदी के मध्य
(B) सतलज-काली नदी के मध्य
(C) काली-तिस्ता नदी के मध्य
(D) तिस्ता-दिहांग - ब्रह्मपुत्र नदी के मध्य

**73. तुजू दर्रा कहाँ स्थित है?**

(A) मणिपुर (B) मिजोरम
(C) उत्तराखण्ड (D) मेघालय

**74. सत्य कथन हैं-**

1. केन, यमुना की सहायक नदी है।
2. हुडरू जल प्रपात झारखंड में है।
3. वेम्बनाद झील जम्मू-कश्मीर में है।

(A) 1, 2 (B) 2, 3
(C) 1, 2, 3 (D) 1, 3

**75. सुमेलित युग्म नहीं है-**

| | **झील/बाँध** | **नदी** |
|---|---|---|
| (A) | गोविन्द सागर झील | सतलज नदी |
| (B) | नागार्जुन झील | कावेरी नदी |
| (C) | जवाहर सागर | चम्बल |
| (D) | गोविन्द वल्लभ पंत सागर | रिहंद |

**76. कालेसर राष्ट्रीय उद्यान कहाँ स्थित है?**

(A) हरियाणा (B) गुजरात
(C) बिहार (D) झारखंड

**77. सत्य कथन/कथनों का चयन करें-**

1. बाजरा अमेरिकी मूल का पौधा है।
2. राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड की स्थापना 1984 में की गई।
3. अरेबिका चाय की किस्म है।

(A) 2, 3 (B) 1, 3
(C) केवल 2 (D) 1, 2

**78. असत्य कथन का चयन करें-**

(A) लौह-अयस्क उत्पादन में भारत का चौथा स्थान है।
(B) हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की स्थापना 1967 में हुई।
(C) वैलाडिला खान मध्यप्रदेश में है।
(D) तलोजा कॉपर प्रोजेक्ट महाराष्ट्र में है।

79. पाइराइट का मुख्य उत्पादक राज्य है-

(A) बिहार (B) झारखण्ड
(C) केरल (D) ओडिशा

80. देश का प्रथम सौर जल संयंत्र कहाँ स्थापित हुआ?

(A) नागालैण्ड (B) उत्तरप्रदेश
(C) राजस्थान (D) कर्नाटक

81. असत्य कथन का चयन कीजिए -

(A) कौलेडेम जलविद्युत परियोजना सतलज नदी पर है।
(B) कोरबा ताप विद्युत केन्द्र छत्तीसगढ़ में है।
(C) घाटमपुर ताप विद्युत परियोजना मध्यप्रदेश में है।
(D) राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम की स्थापना 1975 में की गई।

82. सूची-1 व सूची-2 को सुमेलित करें-

| सूची-1<br>लौह इस्पात केन्द्र | सूची-2<br>स्थापना वर्ष |
|---|---|
| (क) कुल्टी | (1) 1937 |
| (ख) साकली | (2) 1923 |
| (ग) भद्रावती | (3) 1874 |
| (घ) बर्नपुर | (4) 1907 |

| | (क) | (ख) | (ग) | (घ) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (B) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (C) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (D) | 3 | 4 | 2 | 1 |

83. कोचीन शिपयार्ड का निर्माण किस देश के सहयोग से किया गया?

(A) रूस (B) जापान
(C) अमेरिका (D) चीन

84. भारत के सबसे लम्बे राष्ट्रीय जलमार्ग की लम्बाई कितनी है?

(A) 1620 किमी. (B) 1520 किमी.
(C) 1820 किमी. (D) 1720 किमी.

85. भारत में पाइपलाइन परिवहन की शुरुआत कब की गई?

(A) 1956 (B) 1960
(C) 1976 (D) 1966

86. सत्य कथनों का चयन कीजिए-

1. राजस्थान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा की लम्बाई 1070 किमी. है।
2. राजस्थान पाँच राज्यों के साथ अन्तर्राज्यीय सीमा बनाता है।
3. राजस्थान में 8 अन्तवर्ती जिले हैं।

(A) 1, 2 (B) 2, 3
(C) 1, 3 (D) 1, 2, 3

87. उत्तरी अरावली की निम्न चोटियों का सही अवरोही क्रम होगा-

1. खोह 2. भैराच 3. बरवाड़ा 4. बबाई

(A) 1-2-3-4 (B) 4-2-1-3
(C) 1-3-2-4 (D) 1-2-4-3

88. थॉर्नवेट के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार बाड़मेर व जैसलमेर क्षेत्र विस्तृत हैं?

(A) CA'W (B) DA'W
(C) DB'W (D) EA'D

89. राजस्थान के किस क्षेत्र में सिरोजम मिट्टी पायी जाती है?

(A) अलवर, भरतपुर, टोंक, सवाई माधोपुर
(B) कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़
(C) डूंगरपुर, बांसवाड़ा, उदयपुर
(D) पाली, नागौर, अजमेर, जयपुर, दौसा

90. **वन रिपोर्ट 2021 के अनुसार राजस्थान में सर्वाधिक वन वृद्धि किस जिले में हुई है?**
(A) अजमेर (B) बीकानेर
(C) पाली (D) जालौर

91. **आखेट निषिद्ध क्षेत्र किस जिले में स्थित है?**
(A) बीकानेर (B) जैसलमेर
(C) जोधपुर (D) उपर्युक्त सभी

92. **निम्न में से किस झील के अन्दर दो टापू पर जगनिवास महल व जगमंदिर बने हुए हैं?**
(A) फतेहसागर झील (B) जयसमंद झील
(C) पिछोला झील (D) राजसमंद झील

93. **राजगढ़ बाँध किस जिले में स्थित है?**
(A) बारां (B) कोटा
(C) बूंदी (D) झालावाड़

94. **बड़ी शिकारबाड़ी (उदयपुर) व बांदर सिंदरी (अजमेर) किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है?**
(A) बेरिलियम (B) सीसा-जस्ता
(C) अभ्रक (D) तामड़ा

95. **2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान में सर्वाधिक दशकीय वृद्धि दर किस जिले में हुई?**
(A) श्रीगंगानगर (B) जैसलमेर
(C) राजसमंद (D) बाड़मेर

96. **दानपुर सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट किस जिले में स्थित है?**
(A) बाड़मेर (B) श्रीगंगानगर
(C) बांसवाड़ा (D) कोटा

97. **राजस्थान में दिसंबर 2021 तक कितने बायोमास ऊर्जा संयंत्र स्थापित किये जा चुके हैं?**
(A) 13 (B) 11
(C) 9 (D) 15

98. **मार्च 2021 तक राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लम्बाई कितनी है?**
(A) 15544 किमी. (B) 10544 किमी.
(C) 10618 किमी. (D) 15618 किमी.

99. **राजस्थान होमस्टे (पेइंग गेस्ट हाउस) योजना 2021 कब लागू हुई?**
(A) 16 अप्रैल, 2021 (B) 21 अक्टूबर, 2021
(C) 27 सितंबर, 2021 (D) 9 सितंबर, 2021

100. **राजस्थान में होहोबा के प्रमुख उत्पादक क्षेत्र कौन-कौन से हैं?**
(A) अलवर, भरतपुर, टोंक
(B) जयपुर, जोधपुर, गंगानगर, टोंक
(C) कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़
(D) जालौर, बाड़मेर, सिरोही

101. **भारतीय संविधान में नीति-निदेशक तत्व किस देश के संविधान से लिये गए हैं?**
(A) अमेरिका (B) कनाडा
(C) आयरलैण्ड (D) दक्षिण अमेरिका

102. **निम्न कथन किस संविधान संशोधन अधिनियम से संबंधित हैं?**
1. इसके द्वारा मौलिक अधिकारों पर कुछ तार्किक प्रतिबंध लगाने के प्रावधान किए गए।
2. अनुच्छेद -19, 84 व 173 में संशोधन किया।
(A) 13वाँ (B) 14वाँ
(C) 15वाँ (D) 16वाँ

103. किस संविधान संशोधन अधिनियम के द्वारा अनुच्छेद-271(क) को संविधान में जोड़ा गया?

(A) 13वाँ (B) 14वाँ
(C) 15वाँ (D) 16वाँ

104. निम्न में से किसका विघटन नहीं हो सकता है?

(A) लोकसभा (B) राज्यसभा
(C) विधानसभा (D) उपरोक्त सभी

105. लोकसभा अध्यक्ष के संबंध में सत्य कथन है/हैं-

1. इसका प्रावधान अनुच्छेद- 39 से 97 के अंतर्गत किया गया है।
2. अध्यक्ष के पद पर नहीं होने पर उसके सभी कार्य उपाध्यक्ष करता है।

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1, 2 दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

106. राष्ट्रपति की शपथ से संबंधित अनुच्छेद है-

(A) अनुच्छेद -61 (B) अनुच्छेद -59
(C) अनुच्छेद -58 (D) अनुच्छेद -60

107. उपराष्ट्रपति के वेतन से संबंधित अनुच्छेद कौन-सा है?

(A) अनुच्छेद -67 (B) अनुच्छेद -69
(C) अनुच्छेद -97 (D) अनुच्छेद -86

108. निम्न में से सत्य कथन है/हैं-

1. राज्यपाल, राज्य विधानसभा का अभिन्न अंग होता है।
2. राज्यपाल, राज्य विधानमंडल के सत्र को आहूत व विघटित कर सकता है।

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1, 2 दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

109. राज्यों में संसदीय सचिव की नियुक्ति कौन करता है?

(A) राज्यपाल (B) मुख्यमंत्री
(C) विधानसभा अध्यक्ष (D) राष्ट्रपति

110. किसी राज्य में विधान परिषद की व्यवस्था किस अनुच्छेद में है?

(A) अनुच्छेद -169 (B) अनुच्छेद -68
(C) अनुच्छेद -70 (D) अनुच्छेद -72

111. किस अनुच्छेद के अनुसार उच्च न्यायालय एक अभिलेख न्यायालय है?

(A) अनुच्छेद -228 (B) अनुच्छेद -215
(C) अनुच्छेद -227 (D) अनुच्छेद -167

112. निम्न में से सत्य कथन है/हैं-

1. अर्नेस्ट बॉर्कर ने प्रस्तावना को 'संविधान की कुंजी' कहा है।
2. पंडित ठाकुर दास भार्गव ने उद्देशिका को 'संविधान की आत्मा' कहा है।

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1, 2 दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

113. संविधान में उल्लेखित रिट है-

(A) परमादेश (B) प्रतिषेध
(C) उत्प्रेषण (D) उपरोक्त सभी

114. किस अनुच्छेद के अनुसार राज्य कृषि एवं पशुपालन का आधुनिक तथा वैज्ञानिक रूप से संचालन करेगा?

(A) अनुच्छेद-43 (B) अनुच्छेद-42
(C) अनुच्छेद-48 (D) अनुच्छेद-47

**115. निम्न कथन किस संविधान संशोधन से संबंधित है/हैं-**

1. इसके द्वारा अनुच्छेद-330 में संशोधन किया गया।
2. इसके द्वारा अनुच्छेद-332 में संशोधन किया गया।

(A) 50वाँ (B) 51वाँ
(C) 52वाँ (D) 53वाँ

**116. नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 की रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान के कितने प्रतिशत परिवारों तक हेल्थ इंश्योरेंश स्कीम पहुँच गई है?**

(A) 40% (B) 88%
(C) 90% (D) 57%

**117. 'मिशन सुरक्षा चक्र' का संबंध किस जिले से है?**

(A) जैसलमेर (B) श्रीगंगानगर
(C) बाड़मेर (D) बांसवाड़ा

**118. 'खेत तलाई योजना' के तहत किसानों को कितने घनमीटर क्षमता वाली खेत तलाई बनाने पर अनुदान दिया जाएगा?**

(A) 200 (B) 250
(C) 300 (D) 400

**119. शक्ति दिवस का संबंध निम्न में से किससे है?**

(A) कैंसर (B) एनिमिया
(C) कोविड-19 (D) लम्पी

**120. परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स में राजस्थान किस लेवल में है?**

(A) लेवल-1 (B) लेवल-2
(C) लेवल-3 (D) लेवल-4

**121. वर्ष 2021 के गोल्डन अचीवमेंट पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया है?**

(A) महेश भूपति (B) सानिया मिर्जा
(C) लिएंडर पेस (D) विजय अमृतराज

**122. 'मो बस' का संबंध निम्न में से किससे है?**

(A) ओडिशा (B) राजस्थान
(C) उत्तरप्रदेश (D) केरल

**123. भारतीय फुटबॉल टीम विश्व रैंकिंग में किस स्थान पर है?**

(A) 80वें (B) 104वें
(C) 56वें (D) 113वें

**124. फीफा विश्वकप 2026 का आयोजन कहाँ होगा?**

(A) अमेरिका (B) कनाडा
(C) मैक्सिको (D) उपरोक्त सभी

**125. खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 का आयोजन कहाँ हुआ?**

(A) रोहतक (B) चंडीगढ़
(C) पंचकुला (D) दिल्ली

**126. उच्च स्तरीय भाषा में लिखे कोड को लाइन बाई लाइन मशीनी भाषा में कौन बदलता है?**

(A) असेम्बलर (B) कम्पाइलर
(C) इंटरप्रेटर (D) A व C दोनों

**127. निम्न में से किस कमाण्ड द्वारा Word Window को बंद किया जाता है?**

(A) Alt + F4 (B) Ctrl + F4
(C) Shift + F4 (D) Ctrl + Shift + F4

**128. Document में वर्तमान दिनांक इंसर्ट करने के लिए किस Short cut key का प्रयोग किया जाता है?**

(A) Alt + Shift + D (B) Ctrl + Shift + D
(C) Alt + Ctrl + D (D) Alt + Ctrl + D

**129. Ms Word में सबसे उपर दिखाई देने वाली बार को क्या कहते हैं?**

(A) टूल बार
(B) टाइटल बार
(C) टास्क बार
(D) स्टैण्डर्ड बार

**130. MS Excel में By default कितनी Work sheet होती है?**

(A) 1
(B) 2
(C) 3
(D) 4

**131. 'बहिरंग' शब्द में कौन-सी संधि है?**

(A) व्यंजन संधि
(B) दीर्घ संधि
(C) विसर्ग संधि
(D) गुण संधि

**132. निम्नलिखित में से उपसर्ग रहित शब्द है-**

(A) सुयोग
(B) विदेश
(C) अत्यधिक
(D) सुरेश

**133. जो प्रत्यय संज्ञा, सर्वनाम व विशेषण में जुड़कर नया शब्द बनाते हैं, वे प्रत्यय हैं-**

(A) कृत् प्रत्यय
(B) तद्धित प्रत्यय
(C) कृत् व तद्धित प्रत्यय
(D) इनमें से कोई नहीं

**134. तत्पुरुष समास के संबंध में असंगत विकल्प है-**

(A) कारक चिह्नों के आधार पर इसके छह भेद होते हैं।
(B) समस्तपद में 'कर्मकारक' से लेकर 'अधिकरण कारक' तक की विभक्तियों का लोप होता है।
(C) समस्तपद में 'के लिए' विभक्ति का लोप होने पर संबंध तत्पुरुष माना जाता है।
(D) अधिकरण तत्पुरुष के समस्तपद में 'में, पर, पे' विभक्ति चिह्न का लोप रहता है।

**135. वार्तनिक दृष्टि से अशुद्ध विकल्प को चुनिए -**

(A) दुरावस्था
(B) मातृभक्त
(C) मन:कामना
(D) अन्तर्धान

**136. किस विकल्प में वाक्य शुद्ध है?**

(A) सभा विसर्जित हो गई।
(B) प्रात:काल के समय घूमना स्वास्थ्य होता है।
(C) शायद आप अवश्य आएंगे।
(D) कुत्ते रात भर चिल्लाते रहे।

**137. अधोलिखित विलोम शब्द युग्मों में से कौन-सा सही नहीं है?**

(A) प्रसारण - संकुचन
(B) ओजस्वी - निस्तेज
(C) भिज्ञ - अभिज्ञ
(D) देहाती - शहरी

**138. 'समचीनी' का पर्यायवाची है-**

(A) प्राचीन
(B) नवीन
(C) उपर्युक्त
(D) उपयुक्त

**139. 'स्वर्ग', 'पृथ्वी', 'सूर्य' किस शब्द के अनेकार्थी हैं?**

(A) गोचर
(B) गो
(C) खेचर
(D) सचराचर

**140. विशेषण की किस अवस्था में संज्ञा या सर्वनामों के मध्य तुलना का भाव नहीं होता है?**

(A) मूलावस्था
(B) उत्तमावस्था
(C) उत्तरावस्था
(D) भावावस्था

**141. In the question below a part of the sentence is underlined. Choose the correct alternative which may improve the sentence.**

**20 kms. <u>are not a great distance</u> in these days of fast moving vehicles.**

(A) is not a great distance

(B) is no distance

(C) are not a great distance

(D) No improvement

**142. From the given alternatives choose the one which best express the given sentence in Indirect/Direct speech-**

**You said to me, "You don't listen to me."**

(A) You asked me to not listen to you.

(B) You told me that you don't listen.

(C) You told me that I didn't listen to you.

(D) You exclaimed that I was listening.

**143. Transform the following sentence by changing or converting the words or form of sentences without changing sense-**

**Interrogative to Assertive.**

**Do you think, India will win the game?**

(A) I wonder if India will win the game.

(B) If India will win the game I wonder.

(C) India will win the game if I wonder.

(D) If India wonder I will win the game.

**144. Fill in the blank with correct Article/Preposition/Determiner.**

**Due to his illness he could not finish the work .......... time.**

(A) by (B) for

(C) on (D) upon

**145. Choose from the option a suitable word for the expression given.**

**A place where monks live as a scheduled community.**

(A) Cathedral (B) Diocese

(C) Convent (D) Monastery

**146. 50 एवं 100 के बीच आने वाली सम संख्याओं का योग कितना होगा?**

(A) 4060 (B) 2500

(C) 1800 (D) 2700

**147. दो संख्याओं का HCF 8 है नीचे दी गई संख्या में से कौनसी संख्या इनका LCM नहीं हो सकती है?**

(A) 56 (B) 60

(C) 24 (D) 40

**148. किसी कार्य को A, 18 दिनों में करता है और उसी कार्य को B, 15 दिनों में कर लेता है। यदि B, 10 दिन काम करने के बाद छोड़ देता है तो शेष कार्य को A अकेले कितने दिनों में करेगा-**

(A) 5 (B) 6

(C) $5\frac{1}{2}$ (D) 8

**149.** $7+2\sqrt{10}$ **का वर्गमूल है-**

(A) $\left(\sqrt{6}+1\right)$ (B) $\left(\sqrt{3}+2\right)$

(C) $\left(\sqrt{2}+\sqrt{5}\right)$ (D) $\left(2+\sqrt{5}\right)$

**150. एक वृत्ताकार मैदान की परिधि 88 मीटर है तो उसका क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।**

(A) 616 मी.$^2$ (B) 626 मी.$^2$

(C) 636 मी.$^2$ (D) 646 मी.$^2$

# उत्तरमाला प्रैक्टिस पेपर - 7 (व्याख्या सहित)

1. **व्याख्या :** (C) ऋग्वेद में 10 मण्डल, 1028 सूक्त एवं 10462 मुद्राएं हैं। ऋग्वेद के तीसरे मण्डल की रचना विश्वामित्र द्वारा की गई। तीसरे मण्डल में गायत्री मंत्र का उल्लेख है जो सूर्य देवता सावित्री को समर्पित है।
2. **व्याख्या :** (D) ग्वालियर अभिलेख - प्रतिहार नरेश भोज का है। मन्दसौर अभिलेख - मालवा नरेश यशोवर्मन का है।
3. **व्याख्या :** (B) पुरातात्विक स्थल आलमगीरपुर उत्तरप्रदेश के मेरठ जिले में हिण्डन नदी के किनारे स्थित है।
इसका उत्खनन यज्ञदत शर्मा द्वारा सन् 1958 में किया गया था।
4. **व्याख्या :** (A) 6ठीं शताब्दी ईसा पूर्व में उत्तर भारत 16 महाजनपदों में बँटा हुआ था।
- महाजनपदों की जानकारी बौद्ध ग्रंथ अगुंत्तर निकाय से मिलती है। कौशल महाजनपद की राजधानी श्रावस्ती थी।
5. **व्याख्या :** (B) पार्श्वनाथ 23वें जैन तीर्थकर थे। इनका प्रतीक चिह्न सर्प था।
ऋषभदेव प्रथम जैन तीर्थकर थे, जिनका प्रतीक चिह्न साँड था।
6. **व्याख्या :** (D) गौतम बुद्ध ने पहला उपदेश सारनाथ में दिया था। सर्वाधिक उपदेश - श्रावस्ती में।
गौतम बुद्ध का बचपन का नाम सिद्धार्थ था।
7. **व्याख्या :** (A) चतुर्थ बौद्ध संगीती प्रथम शताब्दी ई. में कुण्डलवन विहार (कश्मीर) में हुई। इसके अध्यक्ष वसुमित्र/अश्वघोष थे।
- यह कनिष्क के शासनकाल में सम्पन्न हुई।
8. **व्याख्या :** (B) अशोक द्वारा उत्तीर्ण शिलालेखों में उल्लेख
पहला शिलालेख - पशुबलि की निंदा।
तेरहवाँ शिलालेख - कलिंग युद्ध का वर्णन।
7वाँ एवं 8वाँ शिलालेख - अशोक की तीर्थ यात्राओं का उल्लेख।
9. **व्याख्या :** (C) कुमारगुप्त ने नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना की थी। स्कन्दगुप्त ने सुदर्शन झील का पुनरूद्धार करवाया था। अन्तिम गुप्त शासक विष्णु गुप्त था।
10. **व्याख्या :** (B) गुलाम वंश की स्थापना 1206 ई. में कुतुबुद्दीन ऐबक द्वारा की गई।
- 1206 ई. में कुतुबुद्दीन ऐबक ने अपना राज्याभिषेक किया तथा लाहौर को अपनी राजधानी बनाया।
11. **व्याख्या :** (C) कृष्णदेवराय 1509 ई. में तुलुव वंश के शासक बने। इन्होंने तेलुगु भाषा में अमुक्त माल्याद् की रचना की।
- इनके दरबार में आठ सर्वश्रेष्ठ कवि रहते थे, जिन्हें अष्ट दिग्गज कहा जाता था।
12. **व्याख्या :** (C) अकबर ने 1563 ई. में तीर्थयात्रा कर समाप्त किया।
2. 1585 ई. में राजधानी लाहौर स्थानान्तरित की।
3. 1562 ई. में दास प्रथा को समाप्त किया।
13. **व्याख्या :** (A) अकबर ने 1571 ई. में गुजरात विजय के उपलक्ष्य में फतेहपुर सीकरी में बुलन्द दरवाजे का निर्माण करवाया था।
14. **व्याख्या :** (B) बख्शी - प्रांतीय सैन्य प्रधान।
आमिल - जिले का प्रमुख राजस्व अधिकारी।
शिकदार - परगने का प्रमुख अधिकारी।
फौजदार - जिले का प्रधान फौजी अधिकारी।
15. **व्याख्या :** (B) पानीपत का प्रथम युद्ध - अप्रैल 1526 ई. में हुआ था।
- खानवा का युद्ध मार्च, 1527 ई. , चौसा का युद्ध - जून, 1539 ई. तथा कन्नौज का युद्ध मई, 1540 ई. में हुआ था।
16. **व्याख्या :** (D) कामायचा एक सारंगी जैसा तत् वाद्ययंत्र है। इसे मुख्यत: मुस्लिम शेख (मांगणियार) बजाते हैं। सारंगी के समान एक डेढ़ फुट चौड़ी व गोल तबली पर चमड़ा मढ़कर बनाया जाता है। इसे बजाने के लिए 27 तार वाली गज का प्रयोग होता है।
17. **व्याख्या :** (C) मेवाड़ राज्य के ठिकाने सलूम्बर के रावत केसरीसिंह ने 1857 ई. की क्रांति के समय विद्रोहियों को शस्त्र, रसद एवं सैनिक सहायता दी थी। इन्होंने कई विद्रोहियों को शरण भी प्रदान की। आउवा के पतन के बाद इन्होंने ठाकुर कुशालसिंह को शरण दी।
18. **व्याख्या :** (B) 1925 ई. में पं. मदनमोहन मालवीय के मुख्य आतिथ्य में झुंझुनूं में अखिल भारतीय जाट सम्मेलन हुआ। इनके वक्तव्य से प्रभावित होकर झुंझुनूं जाट पंचायत की स्थापना की गयी। 1932 ई. में झुंझुनूं जाट महासभा अधिवेशन हुआ जिसमें तय किया गया कि किसान और नेता अपने साथ हथियार रखें ताकि उन्हें कमजोर नहीं समझा जाये।
19. **व्याख्या :** (A) 1913 ई. में बीकानेर के महाराजा गंगासिंह ने बीकानेर राज्य के लिए 'प्रतिनिधि सभा' का गठन किया। राजस्थान में ही नहीं सारे उत्तर भारत के राज्यों में तब उस समय अपने ढंग की यह एकमात्र उत्तरदायी राजनीतिक संस्था थी। उस समय इसमें कुल 35 सदस्य थे।
20. **व्याख्या :** (B) 1756 ई. में बदनसिंह की मृत्यु के बाद उनका पुत्र सूरजमल भरतपुर का शासक बना। उसके राज्य में आगरा, मथुरा, मेरठ, अलीगढ़ आदि सम्मिलित थे। बुद्धिमता व राजनैतिक कुशलता के कारण उसे **जाट जाति का प्लेटो** कहा जाता है। उसने रियासत को शांति एवं समृद्धि प्रदान की।
21. **व्याख्या :** (C) राजस्थान में रामस्नेही सम्प्रदाय के प्रमुख केन्द्र चार स्थानों रेण, शाहपुरा, सिंहथल व खेड़ापा में क्रमश: दरियावजी, रामचरणजी, हरिरामदासजी तथा रामदासजी द्वारा स्थापित किये गए। ये चारों शाखाएँ मूलत: रामानंद की शिष्य परंपरा से उत्पन्न हुई हैं। 'फूलडोल महोत्सव' रामस्नेही सम्प्रदाय का एकमात्र प्रसिद्ध उत्सव है।
22. **व्याख्या :** (D) आलमजी जैतमलोत राठौड़ थे। बाड़मेर जिले के मालाणी प्रदेश में लूनी नदी के किनारे स्थित राड़धरा क्षेत्र में इन्हें लोकदेवता के रूप में पूजा जाता है। ढांगी नाम के रेतीले टीले पर इनका स्थान बना हुआ है, जिसे **आलमजी का धोरा** भी कहते हैं। यहाँ भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया को मेला भरता है।
23. **व्याख्या :** (B) निम्न पुरापाषाणकालीन स्थलों में मंडफिया, बीगोद, देवली, नाथद्वारा, भैंसरोड़गढ़ और नवघाट शामिल है। भीलवाड़ा जिले में बनास नदी के किनारे स्थित मंडफिया की खोज सर्वप्रथम वी.एन. मिश्र ने की। उन्होंने यहाँ से निम्न पुरापाषाणिक व माइक्रोलिथिक उपकरण प्राप्त किये।

24. **व्याख्या :** (D) अर्जुनलाल सेठी ने राजस्थान में क्रांति और जनजागृति की अलख जगायी। सेठीजी ने जयपुर में 1905 ई. में **जैन शिक्षा प्रचारक समिति** की स्थापना की और उसके तत्वाधान में वर्द्धमान विद्यालय, वर्द्धमान छात्रावास और वर्द्धमान पुस्तकालय चलाए।

25. **व्याख्या :** (C) आँवला नवमी/ अक्षयनवमी (कार्तिक शुक्ल नवमी) - लोक विश्वास है कि इस दिन गौ, पृथ्वी, सोना, वस्त्राभूषण आदि दान करने से ब्रह्महत्या जैसे महापाप भी मिट जाते हैं। इसे '**धात्री नवमी**' या '**कूष्माण्ड नवमी**' भी कहते हैं। इस दिन आँवले के वृक्ष का पूजन कर उसकी परिक्रमा की जाती है।

26. **व्याख्या :** (B) मेवाड़ राज्य राजस्थानी चित्रकला का सबसे प्राचीन केन्द्र माना जा सकता है। महाराणा अमरसिंह प्रथम (1597-1620 ई.) के शासनकाल में चावण्ड चित्रशैली का अधिक विकास हुआ। महाराणा अमरसिंह के समय में 1605 ई. का 'रागमाला' मेवाड़ शैली का प्रमुख ग्रंथ है। इन चित्रों को 'निसारदीन' नामक चित्रकार ने चित्रित किया था।

27. **व्याख्या :** (A) नड़ वाद्ययंत्र मुख्यत: लंगा जाति (जैसलमेर) द्वारा बजाया जाता है।
- करणा भील प्रसिद्ध नड़ वाद्यकार रहे।
- सूरमण्डल एक तत् वाद्ययंत्र है।

28. **व्याख्या :** (B) मेवाड़ राज्य के कोठारिया ठिकाने के रावत जोधसिंह ने 1857 ई. की क्रांति के समय क्रांतिकारियों का साथ दिया। रावत जोधसिंह ने आउवा के ठाकुर कुशालसिंह को अंगेजों के विरुद्ध सहायता दी तथा बाद में उन्हें अपने यहाँ शरण भी दी।

29. **व्याख्या :** (C) नागौर परगने के जाट किसान 'जाट कृषक सुधारक संघ' के नेतृत्व में उठ खड़े हुए थे। यह संगठन 1938 ई. में स्थापित हुआ था। वास्तव में यह एक समाज सुधारक संगठन था, जो जाट समुदाय में उनके उत्थान हेतु कार्य कर रहा था।

30. **व्याख्या :** (C) उद्योग के विशाल आकार की दृष्टि से बागोर नि:संदेह भारत में सबसे समृद्ध लघुपाषाणिक (माइक्रोलिथिक) स्थल है और विश्व के सबसे समृद्ध स्थलों में से एक है। यहाँ की लगभग अस्सी फीसदी कलाकृतियाँ क्वार्ट्ज से बनी है तथा शेष चर्ट् से।

31. **व्याख्या :** (B) न्यूटन की गति के प्रथम नियमानुसार यदि कोई वस्तु गति कर रही है तो वह समान वेग से सीधी रेखा में गति करती ही रहेगी जब तक उस पर कोई बाह्य बल कार्य नहीं करता, इसे ही अवस्था का जड़त्व कहते हैं। किसी वस्तु का जड़त्व वस्तु के द्रव्यमान पर निर्भर करता है। अगर द्रव्यमान बढ़ेगा तो जड़त्व भी बढ़ेगा।

32. **व्याख्या :** (A) विद्युत मोटर विद्युत ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में रूपान्तरित करती है। सितार यांत्रिक ऊर्जा को ध्वनि ऊर्जा में बदलता है। डायनेमो यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में रूपान्तरित करता है। सोलर सेल सौर ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में रूपान्तरित करता है। ये सभी उपकरण ऊर्जा संरक्षण के नियम का पालन करते हैं।

33. **व्याख्या :** (D) बैरोमीटर का पाठ्यांक जब एकाएक नीचे गिरता है, तो आँधी आने की संभावना होती है। जब बैरोमीटर का पाठ्यांक धीरे-धीरे नीचे गिरता है, तो वर्षा होने की संभावना होती है। बैरोमीटर का पाठ्यांक जब धीरे-धीरे ऊपर चढ़ता है, तो दिन साफ रहने की संभावना होती है।

34. **व्याख्या :** (C) जब कोई आदर्श द्रव किसी नली में धारारेखीय प्रवाह में बहता है तो उसके मार्ग के प्रत्येक बिंदु पर उसके एकांक आयतन की कुल ऊर्जा का योग नियत होता है। इसे बरनौली प्रमेय कहते हैं। इस प्रमेय पर आधारित वेण्टुरीमीटर से नली में द्रव के प्रवाह की दर ज्ञात की जाती है।

35. **व्याख्या :** (D) किसी दिये हुए ताप पर वायु के किसी आयतन में उपस्थित जलवाष्प की मात्रा तथा उसी ताप पर, उसी आयतन की वायु को संतृप्त करने के लिए आवश्यक जलवाष्प की मात्रा के अनुपात को आपेक्षित आर्द्रता कहते हैं। इसे हाइग्रोमीटर यंत्र से मापा जाता है।

36. **व्याख्या :** (B) हाइगेंज ने प्रकाश के तरंग सिद्धांत का प्रतिपादन किया। हाइगेंज ने बताया कि प्रकाश कणों के रूप में नहीं बल्कि तरंगों के रूप में गति करता है। मैक्स प्लांक ने प्रकाश के क्वांटम सिद्धांत की पुष्टि की थी। अत: अब प्रकाश को द्वैत प्रकृति का माना जाता है।

37. **व्याख्या :** (A) द्वितीयक सेल में पहले विद्युत ऊर्जा को रासायनिक ऊर्जा में, फिर रासायनिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित किया जाता है। इसे रिचार्जेबल सेल भी कहा जाता है। इमरजेंसी लाइट में प्रयुक्त बैटरी द्वितीयक सेल के उदाहरण हैं।

38. **व्याख्या :** (C) नीदरलैण्ड के निवासी जेड. जॉनसन ने 1590 ई. में माइक्रोस्कोप का आविष्कार किया था। माइक्रोस्कोप छोटी वस्तुओं को आवर्धित करके बड़ा कर देता है, अत: जिन वस्तुओं को आँखों से नहीं देखा जा सकता, उन्हें इस उपकरण से देख सकते हैं।

39. **व्याख्या :** (B) गर्म करने पर जब ठोस पदार्थ द्रव अवस्था में परिवर्तित होते हैं, तो उस प्रक्रिया को गलनांक कहते हैं। सामान्यत: पदार्थ के द्रवणांक एवं हिमांक का मान बराबर होता है। अशुद्धि मिलाने से (जैसे बर्फ में नमक मिलाने पर) गलनांक घटता है। बर्फ का द्रवणांक एवं हिमांक 0° सैल्शियस होता है।

40. **व्याख्या :** (A) तेल व वसा का उपचयित होना, विकृत गंधिता कहलाती है। इससे तेल व वसा का स्वाद व गंध बदल जाता है। पहाड़ों अथवा ऊँचे स्थानों पर वायुमंडलीय दाब कम होने के कारण जल का क्वथनांक कम हो जाता है और खाना देर से पकता है क्योंकि दाब बढ़ाने पर क्वथनांक बढ़ जाता है तथा दाब कम करने पर क्वथनांक कम हो जाता है।

41. **व्याख्या :** (B) अपमार्जक साबुन रहित कहलाते हैं। अपमार्जक एक विशेष प्रकार के कार्बनिक पदार्थ हैं जिनमें साबुन की तरह मैल साफ करने का गुण होता है, इसीलिए अपमार्जक को साबुन रहित कहते हैं। अपमार्जक का जलीय विलयन उदासीन होता है तथा इसका पी.एच.-7 होता है।

42. **व्याख्या :** (D) हीरा विद्युत का कुचालक होता है। प्रकृति में पाया जाने वाला सबसे कठोर पदार्थ हीरा माना जाता है। हीरे की संरचना सम चतुष्कफलकीय मानी जाती है। हीरे की शुद्धता का मापन 'कैरेट' में किया जाता है। हीरे का चमकना प्रकाश की 'पूर्ण आंतरिक परावर्तन' घटना से संबंधित होता है।

43. **व्याख्या :** (C) झाग प्लवन विधि द्वारा सल्फाइड अयस्कों का सांद्रण किया जाता है। चाल्कोसाइड तथा सिनेबार का सान्द्रण इसी विधि द्वारा किया जाता है। अयस्क की ड्रेसिंग केन प्लवन विधि द्वारा की जाती है। अशुद्ध ताँबे का परिष्करण विद्युत अपघटन विधि द्वारा किया जाता है। एल्युमीनियम, बॉक्साइट से विद्युत अपघटन विधि द्वारा प्राप्त किया जाता है।

44. **व्याख्या :** (A) मोनल मेटल मिश्रधातु Cu (70%), Ni (30%) से मिलकर बना होता है। जिसका उपयोग मूर्तियाँ बनाने में किया जाता है। कान्सटैट्न को संघटन Cu (60%), Ni (40%) होता है। Cu + Zn के रासायनिक संघटन को पीतल कहते हैं। Cu + Sn को काँसा कहते हैं। Cu + Zn + Fe के संघटन को डेल्टा मेटल कहते हैं।

45. **व्याख्या :** (C) जीवद्रव्य का 99% भाग निम्न चार तत्वों से मिलकर बना होता है- ऑक्सीजन (76%), कार्बन (0.5%), हाइड्रोजन (10%), नाइट्रोजन (2.5%)। जीवद्रव्य में अकार्बनिक एवं कार्बनिक यौगिकों का अनुपात 81:19 का होता है। जीवद्रव्य का लगभग 80% भाग जल होता है।

46. **व्याख्या :** (B) उत्परिवर्तन की विस्थल जीन है। एक क्षारक प्रतिस्थापित करने वाले उत्परिवर्तन x- किरणों द्वारा होते हैं। उत्परिवर्तन की आवृत्ति जीवों के गुण, x- किरणों के प्रभाव व वातावरणीय कारकों से बदलती है। x- किरणों द्वारा कृत्रिम तत्वांतरण शीर्षक से प्रथम शोध-पत्र मुलर ने प्रकाशित किया था।

47. **व्याख्या :** (A) उपार्जित लक्षणों का अध्ययन टेंटोलॉजी कहलाता है। भूगर्भ व उसकी बनावट तथा संरचना का अध्ययन जियोलॉजी कहलाता है। हाइड्रोपैथी विज्ञान के द्वारा पानी से रोगों की चिकित्सा होती है। जिरोन्टोलॉजी में वृद्धावस्था से संबंधित तथ्यों का अध्ययन किया जाता है।

48. **व्याख्या :** (C) रेबीज/हाइड्रोफोबिया रोग का कारण पागल कुत्ते का काटना, रैब्डो वायरस हैं। इसके लक्षण सिर में दर्द, नींद नहीं आना, उल्टी, बुखार, मुँह से लार आना, पानी से डरना आदि है। लुईस पाश्चर ने इस रोग के टीके का आविष्कार किया। ये रोग केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र तथा मस्तिष्क को प्रभावित करता है।

49. **व्याख्या :** (B) राइबोसोम में प्रोटीन कोडॉन वाला अपना आनुवांशिक पदार्थ (डी.एन.ए) नहीं पाया जाता है। केन्द्रक माइट्रोकॉण्ड्रिया एवं हरितलवक में डी.एन.ए. पाया जाता है, जो इन कोशिकांगों के लिए आवश्यक प्रोटीनों को कोड कर सकता है। राइबोसोम में केवल आर.एन.ए. पाया जाता है।

50. **व्याख्या :** (C) गर्भाशय ग्रीवा मादा जनन तंत्र का भाग होता है। यह स्त्री के गर्भाशय का निचला, संकरा तथा नलीनुमा भाग होता है जो योनि का निर्माण करता है। शेष तीनों (मूत्रमार्ग, शुक्राशय एवं शुक्रवाहक) नर जनन तंत्र के भाग हैं।

51. **व्याख्या :** (C) राजस्व प्राप्ति सरकार की वे प्राप्तियां हैं जिनसे न तो देयताओं में वृद्धि होती है और न ही परिसंपत्तियों में कमी होती है। राजस्व प्राप्ति के उदाहरण - कर प्राप्ति, अनुदान, ब्याज प्राप्ति।

52. **व्याख्या :** (C) जीएसटी 1 जुलाई, 2017 से लागू हुआ। इसकी वर्तमान दरें 5%, 12%, 18% व 28% है। GST हेतु 101वाँ संविधान संशोधन द्वारा लागू हुआ।

53. **व्याख्या :** (D) पंजाब नेशनल बैंक - 1894 ई. (लाहौर) - पूर्ण रूप से भारतीयों द्वारा प्रबंधित बैंक था, जबकि इलाहाबाद कमर्शियल बैंक भारत का पहला वाणिज्यिक बैंक था।

54. **व्याख्या :** (D) मौद्रिक नीति के गुणात्मक उपाय में क्रेडिट की राशनिंग, नैतिक दबाव व प्रचार-प्रसार शामिल हैं।

55. **व्याख्या :** (C) प्रचलित कीमत पर प्रति व्यक्ति आय 150326 तथा स्थिर मूल्य पर 93973 रु है। वर्तमान में राष्ट्रीय आय की गणना एनएसओ द्वारा की जाती है।

56. **व्याख्या :** (D) कुल 8 कोर इंडस्ट्री हैं - रिफाइनरी, क्रूड ऑयल, विद्युत, प्राकृतिक गैस, लौह इस्पात, सीमेंट, कोयला, उर्वरक।

57. **व्याख्या :** (D) देश का कुल खाद्यान्न 308.65 मिलियन टन है जो विगत वर्ष की तुलना में 11.15 मिलियन टन अधिक है।

58. **व्याख्या :** (A) नीली क्रांति सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान शुरू हुई। उद्देश्य - मत्स्य पालन क्षेत्र के पूर्ण विकास के माध्यम से आर्थिक समृद्धि प्राप्त करना है।

59. **व्याख्या :** (A) वन नेशन-वन कार्ड सर्वप्रथम आंध्रप्रदेश राज्य ने लागू किया है। राजस्थान का इस संदर्भ में 12 वाँ स्थान है।

60. **व्याख्या :** (B) द्वितीय पंचवर्षीय योजना का मॉडल पी.सी. महालनोबिस था, जबकि हेराल्ड डॉमर मॉडल प्रथम पंचवर्षीय योजना का मॉडल था।

61. **व्याख्या :** (B) जौ उत्पादन में राजस्थान का संपूर्ण भारत में दूसरा स्थान है। जौ बोते समय तापमान 10 डिग्री सेल्सियस व काटते समय 20-30 डिग्री सेल्सियस होता है।

62. **व्याख्या :** (A) कुएँ व नलकूप से सर्वाधिक सिंचाई जोधपुर जिले में होती है। स्त्रोत - कृषि सांख्यिकी रिपोर्ट 2020-21 के अनुसार।

63. **व्याख्या :** (B) भारत में थार मरुस्थल का विस्तार 85% है जबकि राजस्थान में 61% भाग पर मरुस्थल है। थार मरुस्थल विश्व में सर्वाधिक जैव विविधता वाला मरुस्थल है।

64. **व्याख्या :** (D) स्टोन पार्क - बिशनोदा (धौलपुर)। सॉफ्टवेयर टेक पार्क- कनकपुरा (जयपुर)। हार्डवेयर टेक पार्क- कूकस (जयपुर) में स्थित है।

65. **व्याख्या :** (B) नया सहकारी अधिनियम, 2001 14 नवंबर, 2002 को लागू हुआ। इससे पूर्व सहकारी अधिनियम, 1965 लागू था।

66. **व्याख्या :** (A) ग्राम सभा के गठन का प्रावधान अनुच्छेद 243(A) में है, जबकि अनुच्छेद - 243(C) में पंचायत की संरचना का प्रावधान है।

67. **व्याख्या :** (B) राजस्थान का स्थान 8वां है तथा सर्वाधिक गरीबी 56.13% बाड़मेर जिले में है।

68. **व्याख्या :** (C) गार्गी पुरस्कार का प्रारंभ सन् 1998 से हुआ। ये पुरस्कार प्रतिवर्ष बसंत पंचमी के दिन प्रदान किये जाते हैं।

69. **व्याख्या :** (A) टाडा राज्य के 8 जिले - डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, सिरोही, पाली के 44 ब्लॉक में लागू है।

70. **व्याख्या :** (C) कबड्डी अकादमी चूरू के राजगढ़ में स्थापित की जाएगी।

71. **व्याख्या :** (C) सिक्किम राज्य की सीमा, नेपाल, भूटान व चीन से संलग्न है।
- पाक जल संधि भारत व श्रीलंका के मध्य है।
- भूटान भारत के 4 राज्यों सिक्किम, पश्चिम बंगाल, असम तथा अरूणाचल प्रदेश से सलंग्न है।

72. **व्याख्या :** (C) नेपाल हिमालय का विस्तार काली-तिस्ता नदी के मध्य है। इसकी लम्बाई लगभग 800 किमी. है।
- माउंट एवरेस्ट, कंचनजंघा व धौलागिरी इसकी प्रमुख पर्वत श्रेणियां हैं।

73. **व्याख्या :** (A) तुजू दर्रा मणिपुर-म्यांमार सीमा पर स्थित है।
- यह उत्तर-पूर्व हिमालय में स्थित है।

74. **व्याख्या :** (A) हुंडरू जल प्रपात स्वर्ण रेखा नदी पर स्थित है।
- वेम्बनाद झील केरल में स्थित है, जबकि बेरीनाग झील जम्मू-कश्मीर में है।

75. **व्याख्या :** (B) नागार्जुन सागर कृष्णा नदी आंध्रप्रदेश व तेलंगाना की सीमा पर स्थित है।
– गोविन्द वल्लभ सागर झील रिहंद नदी पर उत्तप्रदेश के सोनभद्र में स्थित है।

76. **व्याख्या :** (A) कालेसर राष्ट्रीय उद्यान हरियाणा में स्थित है।
– सुल्तान राष्ट्रीय उद्यान भी हरियाणा में स्थित है।
– वाल्मीकि राष्ट्रीय उद्यान बिहार में है स्थित।

77. **व्याख्या :** (C) बाजरा एक अफ्रीकी मूल का पौधा है।
– अमेरिका कॉफी की किस्म।
– राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड का मुख्यालय गुरुग्राम में स्थित है।

78. **व्याख्या :** (C) बैलाडीला खान छत्तीसगढ़ में है।
– बालाघाट की खदानें देश का लगभग 52% ताँबे का उत्पादन करती हैं।

79. **व्याख्या :** (A) पाइराइट लौह का सल्फाइड है जो सल्फर का मुख्य स्रोत है।
– बिहार का रोहतास जिला पाइराइट उत्पादन में अग्रणी है।

80. **व्याख्या :** (A) नागालैंड के सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग द्वारा जून 2014 को कोहिमा के तहसिया गाँव में सौर ऊर्जा द्वारा संचालित जलशोधन परियोजना का उद्घाटन किया गया।

81. **व्याख्या :** (C) घाटमपुर ताप विद्युत परियोजना उत्तप्रदेश के कानपुर में स्थापित की गई है।
– कौलेडेम जल विद्युत परियोजना सतलज नदी पर हिमाचल प्रदेश में स्थापित है।

82. **व्याख्या :** (B) साकली लौह इस्पात केन्द्र की शुरुआत जमशेद जी टाटा द्वारा की गई।

83. **व्याख्या :** (B) कोचीन शिपयार्ड भारत का सबसे बड़ा शिपयार्ड है, जिसकी स्थापना 1972 में जापान के सहयोग से की गई।

84. **व्याख्या :** (A) राष्ट्रीय जलमार्ग भारत का सबसे लम्बा जलमार्ग है। इसका विस्तार इलाहाबाद से हल्दिया तक है।
गंगा, भागीरथी व हुगली नदी पर स्थित है।

85. **व्याख्या :** (A) पाइपलाइन परिवहन की शुरुआत डिगबोई से तिनसुकिया तक की गई।
– इसकी सहायता से असम के तेल कुओं से कच्चा तेल शोधन के लिए बरौली रिफाइनरी तक लाया जाता है।

86. **व्याख्या :** (D) राजस्थान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा की लम्बाई 1070 किमी. है जो उत्तर में श्रीगंगानगर के हिंदूमलकोट से बाड़मेर के बखासर तक जाती है।
श्रीगंगानगर – 210 किमी., बीकानेर – 168 किमी.
जैसलमेर – 464 किमी., बाड़मेर – 228 किमी.।

87. **व्याख्या :** (A) उत्तरी अरावली की सर्वोच्च चोटी रघुनाथगढ़ है, जिसकी ऊँचाई 1055 मीटर है।
खोह – 920 मीटर, भैराच-792 मीटर, बरवाड़ा – 786 मीटर, बबाई – 780 मीटर।

88. **व्याख्या :** (D) EA'D उष्ण शुष्क कटिबंधीय अथवा मरुद्भिद जलवायु में बाड़मेर, जैसलेमर, पश्चिमी जोधपुर व दक्षिणी-पूर्वी बीकानेर, आदि सम्मिलित हैं।

89. **व्याख्या :** (D) सिरोजम मिट्टी – पाली, नागौर, अजमेर, जयपुर व दौसा क्षेत्र में विस्तृत है।
– नवीन जलोढ़ मृदा – अलवर, भरतपुर, सवाई माधोपुर एवं जयपुर।
– पर्वतीय मृदा – उदयपुर एवं कोटा।

90. **व्याख्या :** (A) वन रिपोर्ट 2021 के अनुसार राजस्थान में सर्वाधिक वन वृद्धि अजमेर में 26.45 वर्ग किमी. क्षेत्र में हुई है।
**सर्वाधिक वृद्धि** – 1. अजमेर – 26.45 वर्ग किमी.
2. पाली – 26.01 वर्ग किमी.
3. बीकानेर – 24.10 वर्ग किमी.
**सर्वाधिक कमी** – जालौर (–32.46 वर्ग किमी.)
2. करौली (–26.16 वर्ग किमी.)
3. सिरोही (–13.49 वर्ग किमी.)

91. **व्याख्या :** (D) आखेट निषिद्ध क्षेत्र रामेश्वरा – जैसलमेर जरोदा – नागौर, जोडिया – अलवर, जंभेश्वर जी – जोधपुर।

92. **व्याख्या :** (C) पिछोला झील का निर्माण 14 वीं शताब्दी में राणा लाखा के काल में हुआ था।
– महाराणा उदय सिंह ने इसकी मरम्मत करवायी।
– इसमें दो टापू पर जग मंदिर व जगनिवास महल बने हुए हैं।

93. **व्याख्या :** (D) राजगढ़ – झालावाड़
आलनिया – कोटा, मोरेल – सवाई माधोपुर
गागरिन – झालावाड़।

94. **व्याख्या :** (A) बेरिलियम खनन क्षेत्र –
बांदर सिंदरी – अजमेर, गुजरवाड़ा – जयपुर
बड़ी शिकारबाड़ी – उदयपुर

95. **व्याख्या :** (D) 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान की औसत दशकीय वृद्धि दर 21.3 प्रतिशत रही तथा सर्वाधिक दशकीय वृद्धि दर बाड़मेर की 32.5 प्रतिशत रही तथा न्यूनतम दशकीय वृद्धि दर श्रीगंगानगर की 10 प्रतिशत रही।

96. **व्याख्या :** (C) दानपुर सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट बांसवाड़ा में स्थित है।
– गुडा थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट – बीकानेर।
– सूरतगढ़ सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट – श्रीगंगानगर।

97. **व्याख्या :** (A) दिसंबर 2021 तक 120.45 मेगावॉट क्षमता के 13 बायोमास ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं तथा कुल 66.7 मेगावॉट क्षमता के 6 बायोमास संयंत्रों की स्थापना का कार्य प्रगति पर है।

98. **व्याख्या :** (C) मार्च 2021 तक राजस्थान में सड़कों की लम्बाई 2,72,959 किमी. हो गयी।
– राष्ट्रीय राजमार्ग – 10618 किमी.
– राज्य राजमार्ग – 15544 किमी.
– ग्रामीण सड़क – 1,83,086 किमी.।

99. **व्याख्या :** (B) राजस्थान पर्यटन नीति 2020 की अनुपालना में 21 अक्टूबर, 2021 को **राजस्थान होमस्टे योजना** लागू की गई। 16 अप्रैल, 2021 को गेस्ट हाउस स्कीम लागू की गई।

100. **व्याख्या :** (B) जोजोबा (होहोबा) – पीले सोने के नाम से प्रसिद्ध है।
– राज्य में होहोबा के उत्पादक क्षेत्र – जयपुर, जोधपुर, श्रीगंगानगर व चूरू।

101. **व्याख्या :** (C) नीति निदेशक तत्व भारतीय संविधान में आयरलैण्ड के संविधान से लिये गये हैं। ये सामाजिक एवं आर्थिक लोकतंत्र की स्थापना करते हैं। मौलिक अधिकारों और नीति निदेशक तत्वों में घनिष्ठ संबंध पाया जाता है।

102. **व्याख्या :** (D) 16वाँ संविधान संशोधन अधिनियम (1963) द्वारा देश की सम्प्रभुत्ता एवं अखण्डता के हित में मौलिक अधिकारों पर कुछ तार्किक प्रतिबंध लगाने के प्रावधान किये गये। साथ

ही तीसरी अनुसूची में भी परिवर्तन कर शपथ ग्रहण के अंतर्गत "मैं भारत की स्वतंत्रता एवं अखण्डता को बनाए रखूँगा" जोड़ा गया। अनुच्छेद - 19, 84 व 173 में संशोधन किया।

**103. व्याख्या :** (A) 13वाँ संविधान संशोधन अधिनियम (1962) द्वारा नागालैण्ड के संबंध में विशेष प्रावधान करके उसे एक राज्य का दर्जा दे दिया गया। अनुच्छेद-271(क) को संविधान में जोड़ा गया। भाग-21 की हेडिंग प्रतिस्थापित की गई।

**104. व्याख्या :** (B) राज्यसभा एक स्थाई सदन है। इसका विघटन नहीं हो सकता इसलिए राज्यसभा का कोई अधिकतम कार्यकाल नहीं होता है। राज्यसभा के सदस्यों का कार्यकाल छः वर्ष होता है। संविधान में यह अवधि वर्णित नहीं है।

**105. व्याख्या :** (C) लोकसभा की कार्यवाहियों के संचालन के लिए लोकसभा का एक अध्यक्ष और एक उपाध्यक्ष होता है। इसका प्रावधान अनुच्छेद-93 से 97 के अंतर्गत किया गया है। जब कभी अध्यक्ष अपने पद पर नहीं होते तो उनके सभी कार्य उपाध्यक्ष द्वारा किये जाते हैं।

**106. व्याख्या :** (D) राष्ट्रपति की शपथ (अनुच्छेद-60) - राष्ट्रपति को उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा या उसकी अनुपस्थिति में वरिष्ठतम न्यायाधीश द्वारा संविधान के संरक्षण, प्रतिरक्षण व परीक्षण की शपथ दिलायी जाती है।

**107. व्याख्या :** (C) अनुच्छेद-97 के अनुसार उपराष्ट्रपति को राज्यसभा के सभापति के रूप में 4 लाख रूपये मासिक वेतन भारत की संचित निधि से दिया जाता है। सन् 1997 के पश्चात् राज्यसभा के सभापति या उपराष्ट्रपति के पेंशन संबंधी प्रावधान किए गए हैं।

**108. व्याख्या :** (C) अनुच्छेद-168 के अनुसार राज्यपाल, राज्य विधानमंडल का अभिन्न अंग होता है। अनुच्छेद-174 के अनुसार वह राज्य विधानमंडल के सत्र को आहूत या सत्रावसान और विघटित कर सकता है।

**109. व्याख्या :** (B) संसदीय सचिव - ये औपचारिक मंत्री हैं, जो संसदीय कार्यों में मंत्रियों की सहायता करते हैं। राज्यों में संसदीय सचिवों की नियुक्ति मुख्यमंत्री करता है और संसदीय सचिवों को शपथ भी मुख्यमंत्री दिलवाता है।

**110. व्याख्या :** (A) राज्य विधानमंडल के दूसरे सदन को विधान परिषद कहा जाता है। यह राज्य का उच्च सदन है। किसी राज्य में विधान परिषद की व्यवस्था संविधान के अनुच्छेद-169 के तहत की गई है। विधान परिषद के सदस्यों को एमएलए या सदस्य विधान परिषद कहते हैं।

**111. व्याख्या :** (B) अनुच्छेद-215 के अनुसार उच्च न्यायालय एक अभिलेख न्यायालय हैं। उच्च न्यायालय में फैसले, कार्यवाही और कार्य शाश्वत स्मृति और परिसाक्ष्य के लिए रखे जाते हैं। इन अभिलेखों को साक्ष्य के तौर पर रखा जाता है।

**112. व्याख्या :** (C) अर्नेस्ट बार्कर ने प्रस्तावना को 'संविधान की कुंजी' कहा है। पंडित ठाकुर दास भार्गव ने उद्देशिका को 'संविधान की आत्मा' कहा है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावना संविधान का बहुमूल्य रत्न है और यह वह मापदण्ड है, जिससे संविधान के मूल्यों को निर्धारित किया जा सकता है।

**113. व्याख्या :** (D) उच्चतम न्यायालय अनुच्छेद-32 एवं उच्च न्यायालय अनुच्छेद-226 के तहत किसी भी मूल अधिकार के संबंध में निर्देश या आदेश या रिट जारी कर सकते हैं। संविधान में पाँच प्रकार की रिटों का उल्लेख है- 1. बंदी प्रत्यक्षीकरण 2. परमादेश, 3. प्रतिषेध, 4. उत्प्रेषण, 5. अधिकार पृच्छा।

**114. व्याख्या :** (C) अनुच्छेद-48 के अनुसार राज्य कृषि एवं पशुपालन का आधुनिक तथा वैज्ञानिक ढंग से संचालन करेगा एवं गाय, बछड़ों तथा अन्य दूध देने वाले व भार ढोने वाले पशुओं की नस्ल सुधारने और उनके वध को रोकने का प्रयत्न करेगा।

**115. व्याख्या :** (B) 51वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1985 के द्वारा अनुच्छेद-330 में संशोधन करके लोकसभा की आरक्षित सीटों में मेघालय, नागालैण्ड, अरूणाचल प्रदेश तथा मिजोरम की अनुसूचित जनजातियों को शामिल किया गया तथा अनुच्छेद-332 में संशोधन कर नागालैण्ड एवं मेघालय की विधान सभाओं में भी इसी प्रकार के आरक्षण की व्यवस्था की गई।

**116. व्याख्या :** (B) नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 की रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान में 88 प्रतिशत परिवारों तक हेल्थ इंश्योरेंश स्कीम पहुँच गई है। इन परिवारों का कोई न कोई सदस्य राज्य सरकार की महत्त्वाकांक्षी चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना या किसी बीमा योजना का लाभार्थी है।

**117. व्याख्या :** (C) बाड़मेर जिला प्रशासन ने बच्चों में कुपोषण की समस्याओं से लड़ने के लिए विशेष अभियान 'मिशन सुरक्षा चक्र' शुरू किया है। इस मिशन के तहत जिले के कुपोषण से पीड़ित बच्चों को चिह्नित किया जाता है। इसमें अति कुपोषित बच्चों को तीन माह तक पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाएगा।

**118. व्याख्या :** (D) 'खेत तलाई योजना' का उद्देश्य वर्षा जल को एकत्रित कर सिंचाई के काम लेना है। योजना के तहत लघु एवं सीमांत किसानों को न्यूनतम 400 घनमीटर क्षमता की खेत तलाई बनाने पर अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। कच्चा फार्म पौण्ड बनाने पर किसान को लागत का 70 प्रतिशत या अधिकतम 73,500 रुपए अनुदान के रूप में दिए जा रहे हैं।

**119. व्याख्या :** (B) राजस्थान को एनिमिया मुक्त करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अन्य विभागों के साथ मिलकर प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को 'शक्ति दिवस' के रूप में आयोजित करेगा। इसके तहत एनिमिया की दर कम करने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

**120. व्याख्या :** (C) केन्द्र के शिक्षा मंत्रालय द्वारा राज्यों व केन्द्रशासित प्रदेशों की स्कूली शिक्षा का परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स (पीजीआई) 27 जून, 2022 को जारी किया गया । उक्त इंडेक्स में राजस्थान को लेवल-3 की कैटेगिरी में शामिल किया गया है।

**121. व्याख्या :** (D) अन्तर्राष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम और अन्तर्राष्ट्रीय टेनिस संघ द्वारा प्रदत्त वर्ष 2021 के गोल्डन अचीवमेंट पुरस्कार से भारत के विजय अमृतराज को सम्मानित किया गया है।

**122. व्याख्या :** (A) ओडिशा स्थित सार्वजनिक परिवहन सेवा 'मो बस' को कोविड-19 से दुनिया को बेहतर ढंग से उबरने में भूमिका और प्रयासों के लिए प्रतिष्ठित 'संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है।

**123. व्याख्या :** (B) भारतीय पुरुष सीनियर राष्ट्रीय फुटबॉल टीम 23 जून, 2022 को जारी ताजा फीफा विश्व रैंकिंग में दो पायदान की छलांग के साथ 106वें से 104वें स्थान पर पहुँच गई है। भारत के लिए यह उपलब्धि भारतीय फुटबॉल टीम को सुनील छेत्री के नेतृत्व में मिली है।

**124. व्याख्या :** (D) फीफा विश्व कप-2026 का आयोजन अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा के विभिन्न शहरों में किया जाएगा।

2026 में विश्व कप के मैच अमेरिका के 11, मैक्सिको के 3 और कनाडा के 2 शहरों में आयोजित किए जाएंगे।

125. **व्याख्या :** (C) खेलो इंडिया गेम्स का आयोजन पंचकुला (हरियाणा) शहर में किया गया। इसका शुंभकर 'धाकड़' (गाय का एक रूप) रखा गया था। इसका आयोजन 4-13 जून, 2022 को किया गया। इसमें हरियाणा राज्य ओवरऑल चैम्पियन रहा। हरियाणा राज्य ने कुल 52 स्वर्ण, 39 रजत एवं 46 कांस्य पदक जीते।

126. **व्याख्या :** (C) असेम्बलर - असेम्बली भाषा में लिखे गए कोड को Line by Line मशीनी भाषा में बदलता है।
इंटरप्रेटर - उच्च स्तरीय भाषा के निर्देशों को मशीनी भाषा में बदलता है।

127. **व्याख्या :** (A) Alt + F4 - Word Window को बंद करने के लिए।
Ctrl + F2 - प्रिंट प्रिव्यू लेने हेतु।

128. **व्याख्या :** (A) वर्तमान data insert कराने के लिए Alt + Ctrl + D का प्रयोग किया जाता है।
Ctrl +shift + D - चयनित टेक्सट पर double underline करने के लिए।

129. **व्याख्या :** (B) Word Window के सबसे उपरी भाग को टाइटल बार कहते हैं।
टास्क बार - MS Word के सबसे नीचे का भाग।

130. **व्याख्या :** (C) MS Excel में by default 3 Work Sheet होती हैं।
- Work Sheet के समूहों को वर्क बुक कहते हैं।
- Excel की प्रत्येक फाइल को Work book कहते हैं।

131. **व्याख्या :** (C) बहि: + अंग - बहिरंग, विसर्ग संधि होगी।

132. **व्याख्या :** (D) सुरेश (सुर + ईश) शब्द में कोई उपसर्ग नहीं है; जैसे - सु + योग - सुयोग, वि + देश - विदेश, अति + अधिक - अत्यधिक।

133. **व्याख्या :** (B) जो प्रत्यय संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया-विशेषण में जुड़कर नया शब्द बनाते हैं, उन्हें तद्धित प्रत्यय कहते हैं।

134. **व्याख्या :** (C) समस्तपद में 'के लिए' विभक्ति का लोप होने पर 'सम्प्रदान तत्पुरुष' माना जाता है, जबकि संबंध तत्पुरुष समास में 'का, के, की' विभक्ति का लोप रहता है। जैसे-
विद्यालय - विद्या के लिए आलय (सम्प्रदान तत्पुरुष समास)
शब्दानुशासन - शब्दों का अनुशासन (संबंध तत्पुरुष)।

135. **व्याख्या :** (A) शुद्ध रूप 'दुरवस्था (दुर् + अवस्था)' होगा।

136. **व्याख्या :** (A) सभा विसर्जित हो गई। यह शुद्ध वाक्य है।
अन्य वाक्यों का शुद्ध रूप -
- प्रात:काल घूमना स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है।
- आप अवश्य आएँगे।
- कुत्ते रातभर भौंकते रहे।

137. **व्याख्या :** (C) भिज्ञ का विलोम अनभिज्ञ होता है।

138. **व्याख्या :** (D) समचीनी का पर्यायवाची उपयुक्त होता है।
नवीन - नया, अभिनव, नव, नूतन, नव्य।

139. **व्याख्या :** (B) 'स्वर्ग', 'पृथ्वी', 'सूर्य' - 'गो' के अनेकार्थी हैं।

140. **व्याख्या :** (A) मूलावस्था में विशेषण के साथ किसी प्रत्यय का प्रयोग नहीं किया जाता है। यथा -
1. सभी लड़के सुन्दर हैं।
2. अध्यापक दयालु है।
3. भारत समृद्ध देश है।

141. **व्याख्या :** (A) (use singular be verb- is/am/are)

142. **व्याख्या :** (C) (do-did+$V_1$)

143. **व्याख्या :** (A) (I wonder + if +......)

144. **व्याख्या :** (B) on- पर/समय/ऋतु/दिन)

145. (D)

146. **व्याख्या :** (C)

$$\frac{(\text{अंतिम पद + प्रथम पद}) \times (\text{अंतिम पद-प्रथम पद से पहले एक सम संख्या})}{4}$$

$$52+54+\ldots\ldots\ldots+96+98$$

$$\Rightarrow \frac{(98+52)\times(98-50)}{4} = \frac{150\times48}{4}$$

$$\Rightarrow 1800$$

147. **व्याख्या :** (B) HCF का सदैव LCM में भाग जाता हैं। पूरा-पूरा यदि नहीं जाए तो वे LCM एवं HCF समान जोड़ों के नहीं हैं। 8 का 60 में पूरा-पूरा भाग नहीं जा रहा। अत: उत्तर 60 है चूंकि 8 का 60 में भाग नही जाता है।

148. **व्याख्या :** (B)

B द्वारा 10 दिन में किया गया काम = $10\times\frac{1}{15}=\frac{2}{3}$

शेष काम = $1-\frac{2}{3}=\frac{1}{3}$

A द्वारा 1 काम 18 दिन में किया जाता है।

$\therefore$ A द्वारा लिया गया अभीष्ट समय = $\frac{1}{3}\times18=6$ दिन

149. **व्याख्या :** (C) दिया है - $7+2\sqrt{10}$

$\therefore 7+2\sqrt{10}$ का वर्गमूल $=\sqrt{7+2\sqrt{10}}$

$$\Rightarrow \sqrt{2+5+2\sqrt{10}} = \sqrt{(2)^2+\left(\sqrt{5}\right)^2+2\sqrt{10}}$$

$$\Rightarrow \sqrt{\left(\sqrt{2}+\sqrt{5}\right)^2} = \left(\sqrt{2}+\sqrt{5}\right)$$

अत: $7+2\sqrt{10}$ का वर्गमूल $\left(\sqrt{2}+\sqrt{5}\right)$ है।

150. **व्याख्या :** (A) वृत्ताकार मैदान की परिधि = 88 मीटर

वृत्त की त्रिज्या = $\frac{88\times7}{2\times22}=14m$

वृत्त का क्षेत्रफल = $\pi r^2=\frac{22}{7}\times14\times14=616m^2$

❑❑❑

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

- विषयवार ई- बुक यहाँ से देखे
- Youtube पर ऑनलाइन क्लासे देखे
- लेटेस्ट पोस्ट (GK क्विज)
- 1000 प्रश्न ई-बुक Download
- राजस्थान GK ई- बुक डाउनलोड
- Computer E- book Download
- Rajasthan Gk Questions
- India Gk Questions
- One Liner Gk Questions



राजस्थान सामान्य ज्ञान
वन लाइनर प्रश्न-उत्तर
500+ क्लिक करें एवं पढ़ें

राजस्थान सामान्य ज्ञान
लाइव क्लास की सभी पीडीएफ
फ्री डाउनलोड करें
क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें

SSC GD
All Old Paper PDF
Solved Paper
PDF DOWNLOAD

सम्पूर्ण नोट्स PDF
विषयवार ई-बुक
सभी PDF यहां से डाउनलोड करें

भारत सामान्य ज्ञान
महत्वपूर्ण प्रश्नों की सभी पीडीएफ
फ्री डाउनलोड करें
क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें

सामान्य विज्ञान
महत्वपूर्ण प्रश्नों की सभी पीडीएफ
फ्री डाउनलोड करें
क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें

RAJASTHAN CET
सामान्य हिन्दी
Download Now

सामान्य ज्ञान
5100+ प्रश्न

राजस्थान GK
LIVE CLASS PDF
DAILY UPDATE